

एक नजर में

## दो दिवसीय श्याम महोत्सव आज से



इंदौर. श्याम मित्र मंडल शिव मोती नगर की मेजबानी में 3 जनवरी एवं 4 जनवरी को सायं 7 बजे से अ.भा. श्याम महोत्सव का 30वां दिव्य आयोजन ए.बी. रोड, राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर श्याम भक्त श्रीमती पुष्पा मित्तल के सानिध्य में होगा. इसमें देश के अनेक ख्याति प्राप्त भजन गायक, कोलकाता के पुष्प सज्जाकार एवं देशभर में फैले श्याम भक्त शामिल होंगे। लगभग ढाई हजार भक्त दूसरे शहरों से आएंगे और इतने ही भक्त शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आएंगे. महोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। गार्डन पर पुष्प सज्जा, अखंड ज्योत एवं बाबा के दरबार के निर्माण का काम शुरू हो गया है. समूचे आयोजन को अर्जी रींगस नरेश से नाम दिया गया है. मंडल के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल एवं पार्थ मित्तल मोरनी ने बताया कि महोत्सव में कोलकाता के प्रख्यात भजन गायक राज पारीक एवं सौरभ शर्मा, समस्तीपुर की सुश्री रेशमी शर्मा, जयपुर के अभिषेक नामा, शिवम रावल एवं आशीष शर्मा सहित अनेक प्रख्यात श्याम भजन गायक तथा दिल्ली एवं कोलकाता के प्रख्यात संगीत समूहों के कलाकार भी विशेष रूप से इंदौर आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे. पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी यह महोत्सव दो दिनों तक चलेगा. इस दौरान इंदौर के स्थानीय भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे. मंडल की स्थापना 40 वर्ष पूर्व समाजसेवी एवं श्याम भक्त ब्रह्मलीन जगदीश अग्रवाल ने की थी.

## माली समाज का परिचय सम्मेलन कल

इंदौर. महात्मा ज्योति बा फुले माली समाज मप्र का 28वां निशुल्क युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार 4 जनवरी 2026 को लोहा मंडी स्थित माई मंगेशकर सभागृह पर दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा. इस अवसर पर देश एवं राज्य के विभिन्न शहरों एवं कस्बों से विवाह योग्य 250 से अधिक युवक-युवती प्रत्याशियों का परिचय सम्मेलन भी होगा तथा विभिन्न प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और अन्य समाजसेवियों का भी सम्मान किया जाएगा. परिचय सम्मेलन के लिए देश के 8 राज्यों से प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं. महात्मा ज्योति बा फुले माली समाज मप्र के संरक्षक रामचंद्र सैनी, प्रदेशाध्यक्ष नितेश राजोरिया एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम बागड़ी ने बताया कि विश्व की प्रथम महिला शिक्षक माता सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती पर 4 जनवरी को होने वाले इस आयोजन में सर्व माली एवं सैनी समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं. इसी तरह महिलाओं, शिक्षिकाओं, अभिभाषक, चिकित्सक, पुलिसकर्मी एवं समाजसेवियों को भी सम्मानित किया जाएगा. प्रदेश संयोजक हुकुमचंद जादम ने बताया कि कार्यक्रम में महात्मा ज्योति बा फुले पर बनी फिल्म एवं सावित्री बाई फुले के जीवन परिचय पर आधारित पुस्तिका का लोकार्पण भी होगा जिसमे विवाह योग्य युवक-युवतियों का निशुल्क प्रकाशन भी किया गया है.

## मुद्राशास्त्री शर्मा का व्याख्यान कल

इंदौर. कोलकाता में आज से वीआईपी रोड स्थित सप्तपर्णी बैंक्वेट हॉल पर प्रारंभ हुए कोलकाता कॉइन एक्सपो, 2026 के बड़े आयोजन में इंदौर के मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य का सम्मान एवं व्याख्यान 4 जनवरी को होगा। यह एक्सपो छठी वार्षिक प्रदर्शनी और सम्मेलन के रूप में आयोजित होगा. तीन दिवसीय इस आयोजन में इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य को भी प्राचीन दुर्लभ भारतीय मुद्राओं पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया है. प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के सूत्रधार माणिक साहा, डॉ. उज्जवल साहा एवं शैलेन घोष ने बताया कि इस अवसर पर देश के सभी प्रमुख जाने-माने मुद्रा संग्राहक और विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए गए हैं. कार्यक्रम में 4 जनवरी को गिरीश शर्मा आदित्य को वांगिया मुद्रा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.



## मीणा समाज प्रतिभा सम्मान समारोह कल भोपाल में

इंदौर. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में आगामी 4 जनवरी को रविन्द्र भवन भोपाल में सुबह 10 बजे में मीणा समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा एवं इंदौर जिला इकाई के अध्यक्ष सुभाष मीणा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केबिनेट मंत्री रामनिवास रावत करेंगे. मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे. समारोह में इंदौर सहित मालवा-निमाड़ से भी अनेक स्वजातीय बंधु शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं और जनप्रतिनिधियों को भी संगठन सम्मानित करेगा.

## अस्सी के दशक की खिलाड़ियों ने किया कोच का सम्मान



महू. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महू का नाम गौरवान्वित करने वाली महिला फुटबाल खिलाड़ियों ने नया साल अलग ही अंदाज में मनाया. इस मौके पर इन खिलाड़ियों ने अपने कोच बसंत लाल सोलंकी का सम्मान करते हुए कहा कि हमारी सफलता में सबसे बड़ा योगदान कोच का है. हमें सफलता दिलाने में कोच बसंत सोलंकी की मेहनत को हम भूल नहीं सकते. आज इतने साल बाद उनका सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है. ज्ञात हो, अस्सी के दशक में महू में महिला फुटबाल खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार खेल का प्रदर्शन कर महू का नाम रोशन किया. इनमें दो खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया. इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी मीना शेंडगे, भारती जमदड़, राष्ट्रीय खिलाड़ी माधवी नीम, शोभा वर्मा, कमलेश वर्मा, कावेरी सोनवाने, छाया कौशल, फूलमती वर्मा सविता वर्मा, गीता वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थीं.

# बेटी को मिल रही प्रताड़ना से टूटे पिता ने किया सुसाइड

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बेटी के वैवाहिक जीवन में चल रहे लगातार तनाव और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से मानसिक रूप से टूटे एक पिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में खुड़ैल पुलिस ने जांच पूरी कर ली है. जांच में आत्महत्या के पीछे ससुराल पक्ष की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस ने अब प्रकरण दर्ज कर लिया है. मामला ग्राम सनावदिया, पत्थर मुंडला रोड का है. पुलिस के अनुसार मृतक की बेटी की शादी फरवरी 2024 में जयपुर निवासी युवक से हुई थी. परिजनों ने पुलिस को बताया कि विवाह के समय ससुराल पक्ष की सभी मांगें पूरी की गई थीं, इसके बावजूद शादी के कुछ समय बाद ही बेटी को नई-नई मांगों और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा. पीड़िता यह सारी बातें अपने माता-पिता को लगातार बताती रहती थी. मर्ग जांच में सामने आया कि कुछ समय पहले दामाद इंदौर आया था, जहां उसने बेटी के साथ-साथ उसके मायके पक्ष को भी धमकाया और अभद्र व्यवहार किया. इस घटनाक्रम के बाद मृतक पिता गहरे मानसिक दबाव में रहने लगे. बेटी के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता और लगातार तनाव के चलते 1 दिसंबर को उन्होंने सल्फास का सेवन कर लिया. गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने परिजनों के बयान और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मर्ग जांच में प्रताड़ना की पुष्टि की है. इसके बाद जयपुर में रहने वाले दामाद और उसके पिता के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

# मां नर्मदा परिक्रमा मार्ग पर जन सहयोग से कटीली झाड़ियों की साफ सफाई

## 25 घंटे जेसीबी चला कर चीखल्दा से सोडल बाबा पांच किलोमीटर तक के परिक्रमा पथ मार्ग पर सफाई की

- शासन प्रशासन जो काम नहीं कर पाया वो जनता ने कर दिखाया
- कई वर्षों से अधूरा पड़ा है परिक्रमा पथ मार्ग



**मनावर।** अक्सर देखा गया है कि जनता जब ठान लेती है तो वो कार्य करके दिखाती है.. कौन कहता है आसमान में छेद नहीं होता एक पत्थर तो उछालो यारों... यह कहावत नर्मदा नगर के ग्रामीणों ने चरितार्थ कर दी। ग्राम नर्मदा नगर के ग्रामीणों ने साबित कर दिया कि हम सरकार के भरोसे नहीं हे। ग्राम नर्मदा नगर के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन करते आ रहे हैं की जो चीखल्दा से सोडल बाबा तक 5 किलोमीटर का मार्ग नमामि देवी नर्मदे अभियान के अंतर्गत परिक्रमा मार्ग अधूरा पड़ा है, लेकिन आज तक उसका डामरीकरण नहीं हुआ। मार्ग पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां होने से परिक्रमा वासियों ने अपना मार्ग ही बदल लिया है। क्योंकि यहां पर आए दिन मार्ग खराब होने से व झाड़ियां होने से जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। इसी को देखते हुए ग्रामीणों ने चंदा लगभग 25000 रुपए एकत्रित कर जन सहयोग से झाड़ियो की सफाई का कार्य शुरू कर दिया। मार्ग में गड्ढे एवं मुरूम से भी लेवल किया जा रहा है।

चीखल्दा से सोडल बाबा तक नर्मदा परिक्रमा पथ मार्ग का निर्माण अधूरा-नमामि देवी नर्मदा मिशन के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मां नर्मदा के दोनों किनारों पर नर्मदा यात्रा के दौरान नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए डामरीकरण पथ के निर्माण कार्य की घोषणा कर कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया था। इस पथ को बनाने के लिए करोड़ों रुपए का बजट सरकार ने खर्च किया व पथ के दोनों और पौधरोपण भी किया गया। इसका उद्देश्य नर्मदा परिक्रमा कर रहे लोगों को साफ रास्ता मुहैया कराने के लिए व कटीली झाडियों से बचाने के लिए व घुमावदार रास्तों से निजात दिलाने का था। क्षेत्र में लगभग कई जगह परिक्रमा पथ बनाए जा चुके हैं। ग्राम चिखल्दा से नर्मदा किनारे सोडल बाबा खंडवा बड़ौदा स्टेटहाईवे तक का मार्ग जिसकी दूरी लगभग 5 किलोमीटर है यह मार्ग आज तक नहीं बनाया गया है, जो नर्मदा परिक्रमा पथ में स्वीकृत है। ग्राम नर्मदा नगर के ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग का अतिशीघ्र निर्माण किया जाए। जिससे नर्मदा परिक्रमा कर रहे लोगों को दिक्कतों का सामना ना हो। वर्तमान में यह मार्ग नहीं बनने से परिक्रमा वासियों को काफी घूमकर सोडल बाबा जाना पड़ रहा है। इस मार्ग से सैकड़ों किसान जुड़े हुए हे।

जन सहयोग से झाड़ियां की सफाई में मुख्य भूमिका..* राजन जी आरएसएस प्रमुख, संजय पुरोहित नर्मदा शुमंगल, लोकेंद्र सोलंकी नर्मदा सुमंगल, सेमल्दा घाट प्रमुख महेंद्र सोलंकी, गोपाल पाल एडवोकेट, ग्राम नर्मदा नगर के जन सहयोगी भारत सिंह मुजाल्दा, शेखर परमार, संतोष चोयल, विनोद सतपुडा, सुरेश बाबा मुकाती, मोहन भाई, दीपक मुकाती, राधेश्याम गहलोत, सुशील पाटीदार, गोमा लाल चोयल, गोविंद राठौर, सुनील सेप्टा, गौरव मुकाती, नरेश भाई चोयल, हरजीलाल राठौर, अविनाश मुकाती, शैलू राठौर, जगत सिंह मुजाल्दा, गोमालाल चोयल, भगवान बरफा, कैलाश चौयल, लोकेश मुकाती, चेतन, जगदीश व मोतीलाल परमार की अहम भूमिका रही। लाश चौयल ग्राम नर्मदा नगर ने कहा कि.. हम यहां से गुजरने वाले परिक्रमा वासियों को देखते थे बड़ी-बड़ी झाड़ियां व रास्ता खराब होने से वो परेशान हो रहे थे। हम गांव वालों ने चंदा इकट्ठा कर जेसीबी से रास्ते को सुधारने का मन बनाया और तीन दिन में रास्ता सुधार दिया। सभी ग्राम वासियों ने सहयोग किया।आर वि सिंग एसडीओ एनवीडीए कुक्षी ने कहा कि... हमने चीखल्दा से सोडल बाबा मार्ग का डामरीकरण का प्रस्ताव पूर्व में भेजा था जो स्वीकृत नहीं हुआ। अभी शासन ने नवीन प्रस्ताव मांगे हैं। हम क्षेत्र के सभी प्रस्ताव तैयार कर 1 महीने में भेज देंगे।

# अवैध ई-फार्मेसियाँ बढ़ा रहीं एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस

## राष्ट्रीय संगठन ने प्रधानमंत्री से की सख्त कार्रवाई की मांग

**धार ।** देश में अवैध रूप से संचालित ई-फार्मेसियों द्वारा बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के एंटीबायोटिक्स की ऑनलाइन बिक्री एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रूक्र) को तेजी से बढ़ा रही है, जो अब एक गंभीर राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य संकट बन चुकी है। इस मुद्दे को लेकर ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तत्काल एवं कठोर हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे एवं महासचिव राजीव सिंघल ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के हालिया 卐मन की बात卐 कार्यक्रम में ढ्ढष्टरूक्र रिपोर्ट के आधार पर व्यक्त की गई चिंताएँ इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि देश में एंटीबायोटिक्स का अंधाधुंध और गैर-जिम्मेदाराना उपयोग तेजी से खतरनाक होता जा रहा है। उन्होंने बताया कि निमोनिया और मूत्र मार्ग संक्रमण (ञ्जढ्ढ) जैसी सामान्य बीमारियों में प्रयुक्त एंटीबायोटिक्स भी स्व-चिकित्सा के कारण प्रभावहीन होती जा रही हैं।

### केमिस्ट संगठन की प्रमुख मांगें

अवैध रूप से संचालित सभी ई-फार्मेसियों को तत्काल बंद किया जाए। के सहयोग से बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के ऑनलाइन प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए। राष्ट्रीय हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि संगठन सरकार की 卐स्वस्थ भारत ङ्क सुरक्षित भारत卐 की परिकल्पना के साथ मजबूती से खड़ा है और एंटीबायोटिक्स के तर्कसंगत एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाता रहेगा। उक्त जानकारी केमिस्ट एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी ऋषभ जैन के द्वारा दी गई।

संगठन जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक लाइसेंसधारी केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट्स का प्रतिनिधित्व करता है, ने आरोप लगाया कि कई ई-फार्मेसी प्लेटफॉर्म ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट का खुला उल्लंघन करते हुए बिना वैध चिकित्सकीय पर्चे के एंटीबायोटिक्स एवं अन्य प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की आपूर्ति कर रहे हैं। संगठन के अनुसार, कुछ प्लेटफॉर्म टेली-मेडिसिन दिशानिर्देशों का दुरुपयोग कर सतही ऑनलाइन परामर्श के माध्यम से औपचारिक अथवा फर्जी पर्चे जारी कर दवाओं की बिक्री कर रहे हैं।

वही धार जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव आशीष बांगर ने कहा कि इन अवैध गतिविधियों को विभिन्न नियामक एजेंसियों द्वारा कई बार उजागर किया जा चुका है और मीडिया में भी इस पर रिपोर्ट प्रकाशित होती रही हैं। इसके बावजूद प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई कमजोर बनी हुई है, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय पहले ही ई-फार्मेसियों की गतिविधियों को अवैध ठहरा चुका है।

जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे उपचार विफलताओं में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य प्रणाली पर अत्यधिक दबाव पड़ेगा और आम नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

## मांडू की खिली-खुली वादियों में खुला दोस्तों का मन

**धार /मांडू.** । विंध्य पर्वत पर 13 किमी क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक किले मांडू की वादियों में धार मित्र मंडल के इंदौर, धार व अन्य नगरों में निवासरत दोस्तों ने पर्यटन के साथ मिलन समारोह मनाया. मांडू की खिली-खुली वादियों में दोस्तों ने दिल खोलकर मस्ती की. लग ही नहीं रहा था कि उम्रदराज हो गए हैं. नीलकंठेश्वर महादेव के अभिषेक-मंत्रोच्चार के बाद दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शुरू हुआ, जो राम मंदिर, जैन मंदिर के दर्शन पर थमा. जैन मंदिर में स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति के बाद यहां आयोजित मिलन समारोह में धार महाविद्यालय की यादों के सफर का सिलसिला प्रारंभ हुआ. सबने अपने पढाई के बाद कामकाज से लेकर सेवानिवृति के उपरांत तक की बातें रखी. इस दौरान कुछ अनछुए पहलू भी उजागर हुए. सभी दोस्तों ने इसका मजा लिया. कविता-शायरी के बीचअश्विनी व्यास और जोगसिंह डंग ने बेहतरीन तराने प्रस्तुत किए. इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर राकेश व्यास, मुरलीदास महंत, का स्वागत किया गया. मंच संचालन डॉ. अनिल गंगवाल ने किया. इस समारोह में शामिल दोस्तों प्रकाश राजवैद्य, डॉ. अनिल गुप्ता, राकेश व्यास, मुरली दास महंत, प्रमोद पाठक, महेश राठौड़, भगवान लाल वर्मा, राजेन्द्र योगी, अश्विनी व्यास, कैलाश पुरोहित, दशरथ सिंह राठौड़, संजय व्यास, अनिल मांडलिक, डा. अनिल गंगवाल, सुनील सुरंगे, जोग सिंह, राजेन्द्र पांडे, सुधीर अभ्यंकर, सतीश पाठक, अशोक मंगल ने अपने महाविद्यालय छोड़ने से अब तक के 45 वर्षों के जीवन सफर को साझा किया.

# शताब्दी वर्ष हिन्दू सम्मेलन आज, शहर की 14 बस्तियों में जुटेंगे हजारों हिन्दू परिवार

- सांस्कृतिक जागरण, सामाजिक समरसता विषयों पर होगा मंथन

**धार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिनांक 4 जनवरी 2026 को शहर की 14 बस्तियों में एक साथ भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन सामाजिक एकजुटता, संगठन शक्ति एवं सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनने जा रहा है। सम्मेलन में शहरी क्षेत्रों के हजारों हिन्दू परिवार उपस्थित होकर हिन्दू समाज की एकता, जागरूकता एवं संगठन की शक्ति का सशक्त संदेश देंगे।**

इस अवसर पर विभिन्न बस्तियों में प्रबुद्ध जन, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिक, साधु संत भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के दौरान समाज की एकता, राष्ट्र निर्माण में हिन्दू समाज की भूमिका, सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण, परिवार संस्था की मजबूती, युवा पीढ़ी में राष्ट्रभाव जागरण सेवा कार्यों तथा पंच परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में संगठन की भावना को और मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा प्रत्येक परिवार तक सकारात्मक, रचनात्मक और राष्ट्रहित के संदेश को पहुँचाना है। विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और बालक-बालिकाओं की सहभागिता पर बल दिया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सजग और संगठित बन सके।

आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। सभी बस्तियों में अलग-अलग समितियाँ गठित की गई हैं, जो व्यवस्था, स्वागत, जलपान, बैठने की व्यवस्था, मंच संचालन और अनुशासन की जिम्मेदारी संभालेंगी। कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### शहर की 14 बस्तियों में निर्धारित आयोजन स्थल—

- वीर तेजाजी बस्ती – शिव मंदिर परिसर, केलाश नगर
- राजा भोज बस्ती – मिश्रा जी का खेत
- दीनदयाल बस्ती – जाट समाज धर्मशाला
- महाराणा प्रताप बस्ती – अभिव्यक्ति स्थल, त्रिमूर्ति चौराहा
- त्रिमूर्ति बस्ती – मातेश्री गार्डन
- वीर सावरकर बस्ती – श्रीराम चौक
- फड़के बस्ती – खाटूश्याम मंदिर, महालक्ष्मी नगर
- सुभाष चंद्र बोस बस्ती – लक्ष्मी गार्डन, ओंकार नगर
- ज्योतिबा फुले बस्ती – अखंड ज्योति मंदिर
- मधुकरी बस्ती – मंडी प्रांगण
- विवेकानंद बस्ती – रतन हब
- गुरु गोविंद सिंह बस्ती – धरेश्वर मंदिर परिसर
- नित्यानंद बस्ती – श्रद्धा गार्डन
- शिवाजी बस्ती – किला मैदान

समिति नें सभी हिन्दू परिवारों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाएं तथा समाज की एकता और शक्ति का सशक्त परिचय दें। यह सम्मेलन न केवल एक आयोजन है बल्कि समाज जागरण एवं संगठन शक्ति का प्रतीक बनने जा रहा है।

एक नजर

**दूषित पेयजल सप्लाई का पता चला,, नगर परिषद की जनता में दहशत का माहौल**

# नगर में प्रदाय जल का परीक्षण कराएं : विधायक प्रताप ग्रेवाल

**सरदारपुर ।शालिनी मार्ग पर दूषित पेयजल सप्लाई के बाद मौके पर पहुँचे विधायक ग्रेवाल*,,, नगर परिषद के लापरवाही से कहीं इंदौर का मामला सरदारपुर में न दोहराया दिया जाए यहां पर सबसे बड़ी बात है कि विधायक कांग्रेस के परिषद कांग्रेस की फिर इतनी बड़ी लापरवाही केसे मामले की शिकायतकर्ता करने वाला पार्षद प्रतिनिधि पति परवेज लोधी वह भी कांग्रेस का कितनी बड़ी लापरवाही कब जागेंगे कोई बड़ा मामला होने के बाद या पहले अब देखना है**



सरदारपुर नगर के शालिनी मार्ग पर दूषित पेयजल सप्लाई की खबर मिडीया मे प्रमुखता के साथ प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद अमला तेजी से सक्रिय है। वही विधायक प्रताप ग्रेवाल को जब मिडीया के माध्यम से इसकी जानकारी मिली तो शनिवार को सुबह वे शालिनी मार्ग पर पहुँचे। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने नगर परिषद के जवाबदारो को सख्त लहजे मे कह दिया की लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी, नगर परिषद की जवाबदारी है जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने नगर परिषद सीएमओ को नगर में प्रदाय जल के परीक्षण करवाने के निर्देश दिए एवं मौके पर मौजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ब्लाक समन्वयक अधिकारी बीएल परवार से पानी की टेस्टिग आदि के बारे मे जानकारी ली। जिस पर बीएल परवार ने विधायक प्रताप ग्रेवाल को बताया की हर माह पानी की टेस्टीग होना चाहिए नगर परिषद के द्वारा 2 जनवरी को पानी का नमुना दिया गया है जिसकी जांच करवाई जा रही है। जांच रिर्पोट के बाद बता सकेगे की पानी मे क्लोरीन की मात्रा कितनी है तथा दुषित पानी में कौन से बैक्टीरिया है।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्पित ग्रेवाल, सीएमओ यशवंत शुक्ला, उपयंत्री कविता जमरे, पीएचई विभाग के बाबूलाल परवार, पार्षद प्रतिनिधि परवेज लोदी, मुन्ना बंसल, सुनील गर्ग आदि उपस्थित थे।